UP Board Solutions for Class 7 History Chapter 7 दक्षिण के राज्य

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
(क) बहमनी वंश का संस्थापक कौन था?
उत्तर
बहमनी वंश का संस्थापक हसन गंगू था।

(ख) बहमनी राज्ये टूटकर कौन-कौन से राज्यों में बँट गया?
उत्तर
बहमनी राज्य टूटकर पाँच राज्यों में बँट गया
अहमदनगर, गोलकुंडा, बीजापुर, बरार और बीदर।

(ग) विजयनगर साम्राज्य की नींव किसने रखी थी?
उत्तर
विजयनगर साम्राज्य की नींव हरिहर और बुक्का नाम के दो भाइयों ने रखी थी।

(घ) बहमनी एवं विजयनगर राज्यों में किन कारणों से युद्ध होता रहता था?
उत्तर
बहमनी एवं विजयनगर राज्यों में निम्न कारणों से युद्ध होता रहता था|

1. कृष्णा और तुंगभद्रा नदियों के बीच में स्थित रायचूर दोआब के उपजाऊ भाग को दोनों अपने राज्य का अंग मानते थे।
2. हीरे की खानों के कारण विजयनगर के शासक गोलकुंडा पर अधिकार करना चाहते थे।
3. दोनों राज्यों के शासक महत्त्वाकांक्षी थे और सारे प्रायद्वीप पर अधिकार करना चाहते थे।
4. व्यापार संबंधी समृद्धि प्राप्त करने के लिए दोनों राज्यों में होड़ लगी थी जिस कारण आपसी संघर्ष होना निश्चित था।

(ङ) कृष्णदेव राय के बारे में आप क्या जानते हैं?
उत्तर
कृष्ण देव राय विजयनगर राज्य के महत्वपूर्ण शासक थे।

प्रश्न 2.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)-
उत्तर
(क) हसन गंगू (बहमन शाह) ने **गुलबर्ग** को राजधानी बनाया।

(ख) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी **हस्तिनावती (आधुनिक हंपी)** थी।
(ग) विजयनगर साम्राज्य का प्रमुख शासक **कृष्णदेव राय** था।
(घ) रायचूर दोआब कृष्णा और **तुंगभद्रा** नदियों के बीच का क्षेत्र था।

प्रश्न 3.
सही जोड़े मिलाइए-
उत्तर



https://www.evidyarthi.in/